# एकल संदेश

EKAL ABHIYAN
A PEOPLE'S MOVEMENT

एकल विद्यालय
Bharat Lok Shiksha Parishad

त्रैमासिक
29 वां संस्करण

## भारत लोक शिक्षा परिषद्

IQCS IRQAO
Registered Under IICA
ISO 9001:2015 (QMS)

जुलाई –सितंबर 2025

## भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा दिल्ली एकल परिवार मिलन का भव्य आयोजन

रजत जयंती वर्ष

2000-2025

भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा 3 अगस्त 2025 को द रिट्रीट रिज़ॉर्ट, अलीपुर, दिल्ली-110036 में 'दिल्ली एकल परिवार मिलन' कार्यक्रम श्री सुमन धीर जी (प्रभारी, दिल्ली एकल परिवार) और श्री अखिल कुमार गुप्ता जी (संयोजक, दिल्ली एकल परिवार एवं राष्ट्रीय प्रधान भारत लोक शिक्षा परिषद्) के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें एकल अभियान के विभिन्न आयामों के पदाधिकारियों ने परिवार सहित लगभग 120 लोगों ने भाग लिया।
इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य परस्पर संपर्क, संवाद और समर्पण की भावना को प्रकट करते हुए दिल्ली के एकल कार्यकर्ताओं, सहयोगियों एवं एकल परिवारों को एक मंच पर लाकर, आपसी समन्वय को बढ़ाना था। कार्यक्रम में विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, प्रेरक संवादों और सहभोज ने इस मिलन को एक अविस्मरणीय आयोजन बना दिया।




इस आयोजन में दिल्ली एकल परिवार के अधिकांश बंधु-भगिनी उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। सभी ने एक-दूसरे से परिचय प्राप्त किया, संवाद स्थापित किया और आपसी समझ को गहरा करने का प्रयास किया। एकल युवा बैंड के देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों ने वातावरण को रोमांचित कर दिया, जिन पर सभी ने हर्षोल्लास के साथ सहभागिता की।
एकल के वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रेरक उद्बोधनों ने सभी को भावनात्मक रूप से जोड़ा, सहभोज एवं अनौपचारिक संवादों ने बंधुत्व की भावना को भी सुदृढ़ किया।



**श्री सुमन धीर (प्रभारी, दिल्ली एकल परिवार)** ने कहा कि भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा यह एक सराहनीय प्रयास है, इससे संगठन में आपसी समन्वय बढ़ेगा, काफी समय से इस तरह के कार्यक्रम की योजना बन रही थी और आज यह हुआ, हम सब इसका हिस्सा हैं, यह देखकर हमें बहुत ख़ुशी हो रही है। यह एकल परिवार की जीवंतता और संगठनात्मक शक्ति का प्रतीक है। यह कार्यक्रम हमें भावनात्मक रूप से और भी सशक्त करता है, जिससे हम गांव-गांव में कार्य को और प्रभावी रूप से आगे बढ़ा सकें। हमें आशा है कि इस तरह का कार्यक्रम और चैप्टरों में भी किया जायेगा।

**श्री राजेश गोयल (राष्ट्रीय प्रभारी, एकल अभियान)** ने कहा कि पारिवारिक भाव संगठन का मूल आधार है। जब एक विचार को परिवार का स्वरूप मिलता है, तब उसमें संगठन विकास की संभावनायें बहुत बढ़ जाती हैं। आज का कार्यक्रम इसका एक अच्छा सा उदाहरण है। इस तरह का आयोजन समय समय पर होना आवश्यक है, यहाँ से एक सकारात्मक विचार अन्य संगठनों तक अवश्य पहुंचेगा।





**श्री नीरज रायजादा (राष्ट्रीय चेयरमैन, भारत लोक शिक्षा परिषद्)** ने इस अवसर पर कहा कि एकल अभियान तभी सुदृढ़ रहेगा जब उसमें आत्मीयता, नियमित संवाद और पारिवारिक स्नेह बना रहेगा। आज का यह परिवार मिलन इसी सोच का प्रतीक है, इससे हमें एक नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। इस तरह के कार्यक्रम से न केवल आत्मीय संबंधों को मजबूती मिलती है, बल्कि सभी को प्रेरणा भी मिलती है।

**श्री अखिल कुमार गुप्ता (संयोजक, दिल्ली एकल परिवार एवं राष्ट्रीय प्रधान, भारत लोक शिक्षा परिषद्)** ने इस कार्यक्रम में शामिल हुए सभी बंधुओं का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एकल परिवारों में आपसी समन्वय का एक सफल प्रयास किया गया, जो पूरी तरह से सफल रहा | इस कार्यक्रम से हमें यह पता चला कि जब संगठन के सदस्य आत्मीयता से एकत्र होते हैं तो ऊर्जा और प्रेरणा स्वतः प्रवाहित होने लगती है। इस आयोजन से संगठन की ताक़त और अधिक बढ़ेगी, एकल का अभियान जन-जन का अभियान बनेगा।



# कार्यक्रम की झलकियाँ




















**एकल अभियान CEC बैठक (3 & 4 अगस्त 2025) अलीपुर दिल्ली,**

**आयोजक- भारत लोक शिक्षा परिषद्**

- इस वर्ष केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति (CEC) की बैठक के आयोजन का गौरव भारत लोक शिक्षा परिषद् को प्राप्त हुआ है, जिसमें 25 से अधिक सदस्य शामिल हुए।
- सभी अतिथियों के लिए प्रत्येक पहलु चाहे वह आवास हो, आवागमन हो, सुसंगठित बैठक हो, चर्चाओं की सार्थकता हो अथवा स्वादिष्ट भोजन हो सभी का विशेष प्रबंध किया गया था, जिससे उन्हें आत्मीय आतिथ्य महसूस हो और संगठन के भीतर की पारिवारिक भावना प्रगाढ़ हो।
- जिससे प्रभावित होकर सभी सदस्यों ने BLSP द्वारा किये गए आतिथ्य भाव को खूब सराहा, यह BLSP परिवार के लिए बहुत सुखद अनुभव रहा।
- इस बैठक में श्री नीरज रायजादा जी, श्री अखिल गुप्ता जी, श्री सुनील गुप्ता जी, श्री विजय गुप्ता जी एवं कार्यकर्ताओं में श्री दीप कुमार जी और श्री मनोहर लाल जी का विशेष योगदान रहा।






## संदेश



**अखिल कुमार गुप्ता**
राष्ट्रीय प्रधान
भारत लोक शिक्षा परिषद्

यह एकल संदेश केवल एक पत्रिका नहीं, बल्कि भारत लोक शिक्षा परिषद् के सतत प्रयास का सजीव चित्रण है, जो राष्ट्र के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा, संस्कार और आत्मनिर्भरता का प्रकाश पहुँचाने के लिए समर्पित है। यह उस जीवंत संकल्प की अभिव्यक्ति है, जो **"एक भारत – श्रेष्ठ भारत"** के स्वप्न को साकार करने में निरंतर लगा हुआ है।

एकल अभियान आज देश के सुदूर ग्रामों में शिक्षा, संस्कार, स्वावलंबन और सामाजिक जागरण का दीप प्रज्वलित कर रहा है। जिस भूमि पर कभी अवसरों की कमी थी, वहाँ आज एकल विद्यालयों के माध्यम से नई पीढ़ी आत्मविश्वास के साथ राष्ट्र के पुनर्निर्माण में जुटी हुई है। यह कार्य केवल शिक्षण का नहीं, बल्कि राष्ट्रभाव जगाने का भी अभियान है । एकल विद्यालयों के माध्यम से जहाँ बच्चों में शिक्षा और संस्कार का संचार हो रहा है, वहीं ग्रामीण युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और आजीविका के अवसर भी प्राप्त हो रहे हैं।

महिलाओं में आत्मगौरव जगाने एवं उनको जागरूक बनाने का जो कार्य एकल कर रहा है, वह वास्तव में नवभारत के निर्माण की दिशा में बहुत बड़े स्तर पर सामाजिक सशक्तिकरण की क्रांति है ।

जब एकल आचार्य किसी सुदूर वनवासी क्षेत्र में जाकर बच्चों को अक्षर ज्ञान देता हैं, तो वह केवल शिक्षण नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा का एक यज्ञ करते हैं। उनके प्रयासों में मातृभूमि के प्रति समर्पण, सेवा और करूणा की वह शक्ति है, जो समाज को जोड़ती है और राष्ट्र को सशक्त बनाती है।

भारत लोक शिक्षा परिषद् सदैव यह मानता है कि भारत की आत्मा गाँवों में बसती है। जब गाँव जागेंगे, तो भारत जगमगाएगा। यही भाव हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। एकल संदेश इसी यात्रा का प्रतिबिंब है ।

मैं सभी आचार्यों, स्वयंसेवकों, कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों को प्रणाम करता हूँ, जिनकी निष्ठा से यह राष्ट्रनिर्माण का महायज्ञ निरंतर प्रज्वलित है।

आइए, मिलकर इस राष्ट्र जागरण के यज्ञ में अपनी आहुति दें और

**"एकल से अखंड भारत"** का संकल्प लें ।

## BLSP पूर्वी दिल्ली चैप्टर द्वारा “An Evening for the Nation & Culture” का आयोजन

22 अगस्त 2025 को भारत लोक शिक्षा परिषद, पूर्वी दिल्ली चैप्टर द्वारा आयोजित “An Evening for the Nation & Culture” कार्यक्रम नोएडा में उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।

**मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा जी** ने कहा कि एकल केवल ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षा ही नहीं दे रहा है, बल्कि उन्हें भारतीय संस्कारों और मूल्यों से भी जोड़ रहा है। उन्होंने अपील की कि एकल में सहयोग देने के साथ ही विद्यालयों को देखने भी अवश्य जाएँ ताकि प्रत्यक्ष रूप से एकल के कार्य का अनुभव कर सकें।






**श्री पी.के. जैन जी (चेयरमैन, पूर्वी दिल्ली चैप्टर)** ने इस कार्यक्रम में शामिल हुए सभी महानुभावों से एकल में जुड़ने की अपील की और सभी का हृदय से धन्यवाद किया।

कार्यक्रम में केन्द्र एवं चैप्टर के कई प्रमुख पदाधिकारी एवं गणमान्य महानुभाव भी उपस्थित रहे।

## एकल अभियान – CSR विभाग कार्यशाला

एकल अभियान, CSR विभाग कार्यशाला का आयोजन भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा 25 अगस्त 2025 को एकल भवन, पीतमपुरा, दिल्ली में किया गया। इस कार्यशाला में पूरे देश से CSR विभाग, एकल अभियान के कार्यकर्ता शामिल हुए।

इसका उद्देश्य CSR फंड के सही और सार्थक उपयोग पर चर्चा, CSR से जुड़े नियम, प्रावधान और सामाजिक दायित्वों, दानदाताओं और संगठनों की जरूरतों को पूरा करना आदि विषयों पर चर्चा करना था।






इस अवसर पर विशेष रूप से – CSR दानदाताओं के लिए रिपोर्टिंग सिस्टम, विद्यालय की वीडियो एवं फोटोग्राफ्स, SPR & VDR, स्कूल टेस्ट रिपोर्ट्स, शिक्षण सामग्री, विद्यालय का नियमित संचालन, बच्चों की उपस्थिति आदि इन सभी विषयों पर गहन चर्चा करते हुए यह सुनिश्चित किया गया कि फील्ड से कार्यकर्ताओं द्वारा विद्यालयों की पारदर्शी और प्रभावी जानकारी BLSP, FTS एवं अन्य संस्थाओं तक पहुँचे।

## BLSP बहराइच चैप्टर द्वारा "भारत के रंग, एकल के संग" कार्यक्रम का भव्य आयोजन

BLSP बहराइच चैप्टर द्वारा "भारत के रंग, एकल के संग" कार्यक्रम का अत्यंत सफल आयोजन 2 सितम्बर 2025 को हरियाली रिसॉर्ट, बहराइच में संपन्न हुआ, जिसमें 350 लोग शामिल हुए तथा 104 विद्यालयों का सहयोग प्राप्त हुआ। चैप्टर कार्यक्रम से पहले श्री प्रदीप केडिया जी के घर में परिवार मिलन कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य–एकल विद्यालयों में सहयोग करने वाले बंधुओं का सम्मान करना, विद्यालयों हेतु सहयोग प्राप्त करना, तथा अधिक से अधिक लोगों को एकल से जोड़ना था।






बहराइच चैप्टर के प्रधान डॉ. अतुल टंडन जी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा – "शिक्षित भारत के निर्माण में एकल के साथ जुड़कर कार्य करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। इतना बड़ा अभियान केवल कार्यकर्ताओं की सेवा और समर्पण की भावना से ही संभव है।"

कार्यक्रम के दौरान कुछ प्रमुख दानदाता बंधुओं को BLSP रजत जयंती स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि श्री अखिल कुमार गुप्ता जी (राष्ट्रीय प्रधान, BLSP) ने अपने उद्बोधन में कहा –"एकल अभियान का कार्य अत्यंत व्यापक और अद्वितीय है। यह केवल शिक्षा देने तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों में संस्कारों का भी संचार कर रहा है।"

राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी ने एकल प्रजेंटेशन के माध्यम से एकल के बारे में विस्तार से बताया, प्रजेंटेशन से प्रभावित होकर कई बंधुओं ने एकल विद्यालयों का सहयोग करने और एकल से जुड़ने की इच्छा व्यक्त की।



एकल सुरताल टीम की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का हृदय जीत लिया।

इस आयोजन को सफल बनाने में बहराइच चैप्टर के चेयरमैन श्री शीतल प्रसाद अग्रवाल जी, प्रधान डॉ. अतुल टंडन जी, स्वागताध्यक्ष श्री प्रदीप केडिया जी, महामंत्री श्री राकेश दोचानिया जी, कोषाध्यक्ष श्री सुशील ड्रोलिया जी, तथा सहयोगी बंधु – श्री कृष्ण मोहन गोयल जी, श्री निकुंज केडिया जी, श्री राजेश गोयल जी, श्री आलोक रस्तोगी जी सहित पूरी बहराइच टीम का अथक परिश्रम अत्यंत सराहनीय रहा।

# BLSP, राष्ट्रीय महिला विभाग द्वारा 'कृष्णमयी मीरा' नृत्य नाटिका का भव्य आयोजन।

BLSP 'राष्ट्रीय महिला विभाग' के द्वारा महिला विभाग की पूरी टीम के नेतृत्व में 'कृष्णमयी मीरा' का भव्य आयोजन 14 सितम्बर 2025 को ओ.पी. जिंदल ऑडीटोरियम, दिल्ली में किया गया, जिसमें 400 से अधिक लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पद्मश्री एवं संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार विजेता विदुषी नलिनी कमलिनी जी ने 'कृष्णमयी मीरा' नृत्य नाटिका का इतना सुन्दर मंचन किया कि सभी देखकर भाव विभोर हो गए। कार्यक्रम में एकल झोपड़ी भी आकर्षण का मुख्य केंद्र रही, जहाँ पर एकल विद्यालय का संचालन प्रत्यक्ष रूप से लोगों ने देखा।







कार्यक्रम में श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी (चेयरमैन ट्रस्ट बोर्ड, BLSP) का सानिध्य एवं परम पूज्य आचार्य महामंडलेश्वर आनंद पीठाधीश्वर स्वामी श्री बालकानंद जी महाराज जी का आशीर्वचन प्राप्त हुआ। श्रीमती सोनल रासीवासिया जी (राष्ट्रीय चेयरपर्सन राष्ट्रीय महिला विभाग) ने एकल प्रजेंटेशन के माध्यम से महिला विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल सुश्री कमलप्रीत जी, अंतर्राष्ट्रीय समुद्री तैराक डॉ. मीनाक्षी पाहुजा जी, M3M फाउंडेशन चेयरपर्सन सुश्री पायल कनोडिया जी सहित समाज के कई गणमान्य लोगों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में एकल विद्यालयों के लिए सहयोग करने वाले दानदाताओं के साथ-साथ समाज में श्रेष्ठ कार्य करने वाले महानुभावों को भी सम्मानित किया गया।






कार्यक्रम में केन्द्र एवं चैप्टर के पदाधिकारी और राष्ट्रीय महिला विभाग की पूरी टीम के कुशल नेतृत्व, अद्‌भुत समन्वय और अथक प्रयास से ही यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# BLSP वाराणसी चैप्टर द्वारा "भारत के रंग, एकल के संग" कार्यक्रम का भव्य आयोजन

BLSP, वाराणसी चैप्टर द्वारा आयोजित "भारत के रंग, एकल के संग" कार्यक्रम का सफल आयोजन 14 सितम्बर 2025 को श्रृंगेरी महासंस्थानम महमूरगंज, वाराणसी में अत्यंत भव्यता एवं गरिमा के साथ संपन्न हुआ।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री विश्व भूषण जी (PCS) मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास वाराणसी, विशिष्ट अतिथि के रूप में पं. श्रीकांत मिश्रा जी अर्चक, काशी विश्वनाथ मंदिर, ज्ञानवापी, वाराणसी, श्री उमेश कुमार सिंह जी अपर आयुक्त उद्योग एवं विशेष कार्य अधिकारी, काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास, भारत लोक शिक्षा परिषद के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री सुनील गुप्ता जी की गरिमामयी उपस्थिति रही और सभी को उनका मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।




श्री सुनील गुप्ता जी ने एकल प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से बताया कि एकल क्या है तथा समाज पर उसका सकारात्मक प्रभाव किस प्रकार पड़ रहा है।

एकल सुरताल टीम की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का हृदय जीत लिया। देशभक्ति गीतों तथा सम्पूर्ण रामायण के भावपूर्ण मंचन ने कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया।

चैप्टर के प्रधान श्री राजीव अग्रवाल जी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा – एकल सुरताल टीम द्वारा प्रस्तुत भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम वास्तव में सराहनीय रहा। इसके माध्यम से हमें नए भारत की झलक देखने को मिली।





यह भव्य आयोजन चेयरमैन श्री आर. के. चौधरी जी, प्रधान श्री राजीव अग्रवाल जी, कार्यकारी प्रधान, श्री जगदीश झुनझुनवाला जी, महामंत्री श्री राजेश भाटिया जी, कोषाध्यक्ष श्री मनीष माहेश्वरी जी, कार्यक्रम संयोजक श्री प्रशांत अग्रवाल जी, चेयरपर्सन महिला विभाग डॉ. रुबी साह एवं चैप्टर की पूरी टीम के कुशल नेतृत्व, अदभुत समन्वय और अथक परिश्रम से पूरी तरह से सफल हो पाया।

## BLSP कानपुर चैप्टर महिला विभाग द्वारा नवरात्रि के अवसर पर एकल गरबा का भव्य आयोजन

भारत लोक शिक्षा परिषद् कानपुर चैप्टर महिला विभाग द्वारा 21 सितम्बर 2025 को कानपुर में नवरात्रि के पावन अवसर पर एकल गरबा महोत्सव भव्य आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 100 लोगों ने भाग लिया | इस अवसर पर डॉ. सुचरिता खन्ना जी, निर्देशिका, कलानिधि (प्रदर्शन कला केंद्र) एवं भारतीय कला संगम अकादमी, कानपुर, श्रीमती प्रीति भाटिया जी (फ्रंटियर एलॉय स्टील्स लिमिटेड), श्रीमती स्वेता गुप्ता जी (मयूर ग्रुप) सहित समाज की कई प्रतिष्ठित हस्तियाँ शामिल हुईं |





कार्यक्रम में एकल विद्यालयों के लिए धन संग्रह का भी संकल्प लिया गया |
कार्यक्रम में कानपुर चैप्टर के संरक्षक श्री सुरेंद्र गुप्ता जी, प्रधान डॉ ए. एस. प्रसाद जी, महामंत्री श्री ध्रुव रुइया जी, प्रधान,महिला विभाग डॉ. अनुराधा वार्ष्णेय जी, श्रीमती संध्या गुप्ता जी, श्रीमती ऊषा अग्रवाल, डॉ विनीता भार्गव एवं श्रीमती ममता अवस्थी सहित महिला विभाग की टीम ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

## BLSP उत्तरी दिल्ली चैप्टर महिला विभाग द्वारा “माता का कीर्तन एवं गरबा उत्सव” का आयोजन

भारत लोक शिक्षा परिषद्, उत्तरी दिल्ली चैप्टर महिला विभाग द्वारा 23 सितम्बर 2025 को सरस्वती विहार, पीतमपुरा, दिल्ली में “माता का कीर्तन एवं गरबा उत्सव” का भव्य आयोजन किया गया। इसमें लगभग 110-120 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एकल अभियान द्वारा किए जा रहे राष्ट्र निर्माण के कार्यों से परिचित कराना था।





श्रीमती दर्शना गोयल (राष्ट्रीय संरक्षक राष्ट्रीय महिला विभाग), श्रीमती माधुरी अग्रवाल (राष्ट्रीय उप-प्रधान राष्ट्रीय महिला विभाग), श्रीमती साधना गुप्ता (प्रधान, चैप्टर महिला विभाग), श्रीमती रीमा जैन (महामंत्री, चैप्टर महिला विभाग), श्रीमती बिंदु मित्तल (कोषाध्यक्ष, चैप्टर महिला विभाग) के कुशल मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# प्रवास –पश्चिमी उत्तर प्रदेश

## श्री राजीव अग्रवाल (राष्ट्रीय महामंत्री) एवं श्रीमति माधुरी अग्रवाल (राष्ट्रीय उप प्रधान, राष्ट्रीय महिला विभाग)

श्री राजीव अग्रवाल, राष्ट्रीय महामंत्री एवं श्रीमति माधुरी अग्रवाल जी राष्ट्रीय उप प्रधान, राष्ट्रीय महिला विभाग द्वारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रवास 28 सितम्बर 2025 किया गया। प्रवास के दौरान शामली संभाग, भाग, अंचलों एवं संचो से समिति, महिला समिति एवं सेवाव्रती कार्यकर्ता बंधुओं की बैठक हुई, तित्तरों सिलाई सेंटर एवं कंप्यूटर लैब का अवलोकन किया गया और ग्राम जाण्डखेड़ी का एकल विद्यालय में ग्राम समिति और संच समिति के सदस्यों की उपस्थिति में बच्चों की शिक्षा पद्धति का व विद्यालय का अवलोकन किया गया।





समिति बंधुओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ प्रमुख विषयों पर चर्चा हुई –
विद्यालय गुणवत्ता, कार्यकर्ता सक्रियता, कार्यालय रखरखाव, गूगल एप एवं पारदर्शिता, दायित्व बोध, महिला शक्ति की भूमिका, जिज्ञासा समाधान, CSR दानदाताओं की रिपोर्टिंग संबंधी जानकारी, समिति बंधुओं का प्रवास एवं उनकी कार्यकर्ताओं के प्रति अभिभावक की भूमिका, ग्राम समिति को सुदृढ़ करना, प्रगत संच, स्वावलंबन आदि।

श्रीमान राजीव अग्रवाल जी और श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी के इस संयुक्त और आत्मीय नेतृत्व ने साबित कर दिया कि एकल अभियान का आधार केवल संगठनात्मक ढांचा नहीं, बल्कि प्रेम, संस्कार और परिवार का भाव भी है।
प्रवास के दौरान तित्तरों सिलाई सेंटर एवं कंप्यूटर लैब का अवलोकन किया गया। अभ्यर्थियों से विभिन्न विषयों पर वार्ता की गई।





श्रीमति माधुरी अग्रवाल जी ने सीधे कौशल सीख रही महिलाओं व बच्चों से संवाद किया। उन्होंने उनके आत्मविश्वास और कौशल को सराहा और उन्हें आत्मनिर्भर भविष्य के लिए प्रेरित किया।
प्रवास के दौरान ग्राम जाण्डखेड़ी का एकल विद्यालय में ग्राम समिति और संच समिति के सदस्यों की उपस्थिति में बच्चों की शिक्षा पद्धति का व विद्यालय का अवलोकन किया गया।

## BLSP कानपुर चैप्टर द्वारा सैनिक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन

"वीर जवानों का सम्मान–राष्ट्र का गौरव महान" BLSP कानपुर चैप्टर द्वारा दिनांक 23 सितम्बर 2025 को ककवन, कानपुर में देश की रक्षा एवं सेवा में समर्पित वीर सैनिकों के सम्मान में एक भावपूर्ण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में कुल 12 वीर सैनिक भाइयों एवं उनके परिवारजनों को माला एवं एकल पटका पहनाकर उनका स्वागत किया गया और दीवार घड़ी भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया।





इस अवसर पर कानपुर चैप्टर महिला विभाग की प्रधान डॉ. अनुराधा वार्ष्णेय ने कहा–कि "मातृभूमि की रक्षा के लिए जीवन अर्पित करने वाले वीर जवानों का पराक्रम हमारे लिए प्रेरणा का दीपक है।"
इस अवसर पर महिला विभाग सदस्य डॉ. अंकुर सिंह, श्रीमती नीता दत्ता, श्रीमती छाया गुप्ता, एवं श्री सिद्धार्थ गौतम, श्री रामकृपाल, श्री ललित, दिशा जी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## BLSP वाराणसी चैप्टर द्वारा मनाया गया गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम –

भारत लोक शिक्षा परिषद, वाराणसी चैप्टर द्वारा 11 जुलाई 2025 को एकल विद्यालय ग्राम गजापुर, अंचल बाबतपुर, संच अखरी, में बच्चों आचार्य और कार्यकर्ताओं के उपस्थिति में वाराणसी चैप्टर महिला विभाग की प्रधान और संभाग पूर्वी उत्तर प्रदेश महिला विभाग अध्यक्ष डॉक्टर रुबी साह जी एवं संभाग पूर्वी उत्तर प्रदेश महिला विभाग उपाध्यक्ष, श्रीमती अनीता जसरापुरिया जी द्वारा गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम मनाया गया।






बच्चों ने जय श्री राम का उद्घोष के साथ और कार्यकर्ताओं एवं आचार्यों ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। बच्चों ने गायत्री मंत्र, सरस्वती वंदना एवं हनुमान चालीसा का पाठ सुनाया साथ ही कहानी कविता सुनाकर सभी अतिथियों का मन मोह लिया।
इस अवसर पर एकल विद्यालय के आचार्य और कार्यकर्ताओं को उपहार भेंट किया गया।

## उत्तरी दिल्ली चैप्टर, महिला विभाग द्वारा 'हरियाली तीज उत्सव' का आयोजन

भारत लोक शिक्षा परिषद्, उत्तरी दिल्ली चैप्टर महिला विभाग द्वारा 'हरियाली तीज उत्सव' का कार्यक्रम शुक्रवार, 19 जुलाई 2024 को लावन्या बैंक्वेट, पीरागढ़ी दिल्ली में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें 200 से अधिक बहनों ने भाग लिया |उत्तरी दिल्ली चैप्टर की प्रधान, साधना गुप्ता ने एकल के विभिन्न आयामों के बारे में प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से बताया, इस कार्यक्रम में 27 एकल विद्यालयों का संग्रह भी हुआ |





सभी बहनों ने तीज एवं लोकगीत गीत, तम्बोला, नृत्य के साथ तीज उत्सव का भरपूर आनंद लिया | नृत्य प्रतियोगिता में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली बहनों को हौसला अफजाई के लिए सम्मानित भी किया गया |

एकल स्टाल लगाकर एकल विद्यालय के बारे में पत्रकों के माध्यम से सभी को बताया गया |

इस कार्यक्रम में उत्तरी दिल्ली चैप्टर, महिला विभाग की प्रधान साधना गुप्ता, महामंत्री रीमा जैन, कोषाध्यक्ष बिंदु मित्तल सहित चैप्टर की टीम की अन्य कई बहनें उपस्थित रहीं |

## उत्तरी दिल्ली चैप्टर द्वारा कार्नर मीटिंग का आयोजन

भारत लोक शिक्षा परिषद्, उत्तरी दिल्ली चैप्टर द्वारा 13 जुलाई 2025 को श्री रामचंद्र गुप्ता जी (उप-प्रधान, उत्तरी दिल्ली चैप्टर) के निवास द्वारका, दिल्ली में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 60 लोग शामिल हुए |

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य एकल द्वारा किये जा रहे राष्ट्रनिर्माण के पुनीत कार्य से लोगों को अवगत कराना, एकल विद्यालय में सहयोग के लिए प्रेरित करना और द्वारका क्षेत्र में चैप्टर की गतिविधियों को फैलाना एवं लोगों को जोड़ना था





चेयरमैन श्री मुकेश कुमार गुप्ता जी ने बैठक का संचालन किया एवं वनयात्रा के बारे में जानकारी दी, कार्यकारी प्रधान श्री वीरेन्द्र गुप्ता जी ने दान की महिमा बताई, उत्तरी दिल्ली चैप्टर महिला विभाग की कोषाध्यक्ष श्रीमती बिंदु मित्तल जी ने महिलाओं को एकल टीम में जुड़ने का आग्रह किया |

इस प्रेरणादायक चर्चा के परिणामस्वरूप 25 एकल विद्यालयों का संग्रह भी हुआ |

## कानपुर चैप्टर द्वारा वनयात्रा का आयोजन



भारत लोक शिक्षा परिषद, कानपुर चैप्टर द्वारा 20 जुलाई 2025 को वात्सल्य संच बिठूर के विद्यालय ग्राम- रामपुर में एकल विद्यालय की वनयात्रा की गई । इस वनयात्रा का उद्देश्य एकल विद्यालय के संचालन को प्रत्यक्ष रूप से देखना और उसके बारे में जानना था।
सभी ने विद्यालय को देखा बच्चों से बातचीत की और बच्चों के मन को जानने के लिए उनसे प्रश्न भी किया।

इस वनयात्रा में वामिक अग्रवाल सुपुत्री श्री संकल्प अग्रवाल ने बच्चों के साथ अपना जन्मदिन भी मनाया, श्रीमती कविता अग्रवाल जी एवं श्रीमती जूनो कनोड़िया जी ने भी इस वनयात्रा में भाग लिया, सभी लोग विद्यालय देखकर बहुत खुश हुए।
दानदाताओं के द्वारा सभी बच्चों को स्कूल बैग, पानी की बोतल, लंच बॉक्स, चॉकलेट, पेंसिल एवं अन्य सामान उपहार स्वरूप दिया गया ।
सभी ग्रामवासियों एवं बच्चों ने वनयात्रियों का हृदय से आभार व्यक्त किया और पुनः आगमन का निमंत्रण भी दिया।



## BLSP कानपुर चैप्टर, महिला विभाग द्वारा वनयात्रा



भारत लोक शिक्षा परिषद, कानपुर चैप्टर महिला विभाग द्वारा 22 सितंबर 2025 को प्रगत संच तातियागंज विद्यालय ग्राम तिलोकपुर और अवावक्रपुर में एकल विद्यालय की वनयात्रा आयोजित की गई, जिसमें कई बहनों ने भाग लिया।
ग्राम समिति द्वारा वनयात्रा पर गए सभी सदस्यों का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया। सभी ने बच्चों से बातचीत की, उनसे गिनती और पहाड़े सुने

इस वनयात्रा में कानपुर महिला विभाग की डॉ. अनुराधा वार्ष्णेय जी (प्रधान,महिला विभाग), श्रीमती माला वैश जी, नई सदस्या श्रीमती सुधा गोविल जी, तथा अन्य कार्यकर्ता बंधुओं ने भाग लिया।
श्रीमती सुधा गोविल जी ने अपने पति स्व. डॉ. गोविल जी की पुण्यतिथि पर सभी बच्चों को बैग, खिलौने एवं स्टेशनरी उपहार स्वरूप देकर बच्चों का हौसला बढ़ाया।



**BLSP लखनऊ चैप्टर द्वारा वनयात्रा -**

अंचल बाराबंकी विद्यालय ग्राम बरुआ नरेंद्रपुर में सितंबर माह में एकल विद्यालय की वनयात्रा की गयी जिसमें चैप्टर के पदाधिकारी एवं कई नए बंधुओं ने भाग लिया।






**BLSP वाराणसी चैप्टर द्वारा वनयात्रा -**

कंपोजिट विद्यालय ग्राम सिंहपुर, सारनाथ, के प्रांगण में दिनांक 3 अगस्त 2025, को रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल के सदस्य, चैप्टर के पदाधिकारी एवं अनेक सम्मानित सदस्य द्वारा एकल विद्यालय ग्राम सिंहपुर की वनयात्रा की गयी, बच्चों ने गायत्री मंत्र, सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, कहानी, कविता सुना कर अतिथियों का मन मोह लिया।



**अटलांटा (अमेरिका) प्रवास – श्री राजीव अग्रवाल जी एवं श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी**

10 अगस्त, 2025 को श्री शिव कुमार अग्रवाल जी, प्रभारी Atlanta चैप्टर की उपस्थिति में बैठक हुई। जिसमें भारतीय समाज में एकल अभियान की धारा को सशक्त करने का प्रयास किया गया। श्री राजीव अग्रवाल जी ने एकल भारत यूट्यूब चैनल एवं BLSP के कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

**कैलिफोर्निया प्रवास के दौरान संपर्क बैठक -**

अमेरिका में 21 जुलाई, 2025 को अध्यक्ष Bay Area कैलिफोर्निया श्रीमती नीमा जी ने संपर्क बैठक रखी। जिसमें लगभग 17 लोगों ने भाग लिया। बैठक में श्रीमति मंजु दीदी (ट्रस्टी एकल संस्थान) भी शामिल हुयीं और एकल यात्रा की जानकारी दी। श्री राजीव अग्रवाल जी एवं श्रीमती माधुरी जी ने BLSP और EGF के बारे में सभी को जानकारी दी। सभी ने अत्यंत प्रसन्नता जाहिर की। बैठक में भारतीय युवाओं को एकल के साथ जोड़ा गया।





**कानपुर चैप्टर द्वारा 03 सितम्बर 2025 को संच बिधनू के विद्यालय ग्राम- छत्तापूर्वा की वनयात्रा की गयी,** ग्राम समिति के द्वारा सभी सदस्यों का तिलक व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। सभी के द्वारा बच्चों से प्रश्न किए गए कि उन्हें आने वाले समय में क्या बनना है जिसके जवाब में कुछ बच्चों ने बताया कि उन्हें फ़ौजी बनना और कुछ ने बताया कि उन्हें पुलिस में जाना है। बच्चों ने पहाड़ा, बालगीत, भोजन मंत्र, जोड़ना-घटाना आदि बताकर सभी को अपनी ओर आकर्षित किया ।

**BLSP वाराणसी चैप्टर द्वारा वनयात्रा –**

कंपोजिट विद्यालय ग्राम सिंहपुर, सारनाथ, के प्रांगण में दिनांक 3 अगस्त 2025, को रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल के सदस्य, चैप्टर के पदाधिकारी एवं अनेक सम्मानित सदस्य द्वारा एकल विद्यालय ग्राम सिंहपुर की वनयात्रा की गयी, बच्चों ने गायत्री मंत्र, सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, कहानी, कविता सुना कर अतिथियों का मन मोह लिया ।




## भारत लोक शिक्षा परिषद् लखनऊ चैप्टर में बैठक का आयोजन

भारत लोक शिक्षा परिषद्, लखनऊ चैप्टर की संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण हेतु प्रेरणात्मक बैठक लखनऊ में आयोजित की गई। इस बैठक में लगभग 25 लोगों ने भाग लिया ।

बैठक में एकल के प्रसार-प्रसार, धन संग्रह, आगामी योजनायें एवं कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण, युवाओं की भागीदारी और संगठन की मजबूती सहित, चैप्टर से सम्बंधित कई प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई ।





बैठक में धन संग्रह महिला समिति और युवा समिति को और अधिक सक्रिय करने तथा युवा समिति में नए सदस्य जोड़ने हेतु भी चर्चा की गयी। बैठक में ट्रस्टी एवं लखनऊ चैप्टर के प्रभारी श्री उमाशंकर हलवासिया, राष्ट्रीय प्रधान श्री अखिल कुमार गुप्ता, राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल, लखनऊ चैप्टर के प्रधान श्री भीम अग्रवाल, महामंत्री श्री आशीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्री राजीव अग्रवाल एवं चैप्टर महिला विभाग सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

# हमारे एकल दानदाता (जुलाई – अगस्त –सितंबर 2025 )

## महाशतकवीर (1000 विद्यालय)

| |
|---|
| **Shri Ashok Aggarwal Ji** (Globe Capital Foundation) |
| **Shri Anil Aggarwal Ji** (KEI Industries Limited) |
| **Shri Vivek Nagpal Ji** (Rosmerta Safety Systems Limited) |
| **Shri Mukesh Garg Ji** (Savfab Buildtech Private Limited) |
| **Shri Dinesh Gupta Ji** |
| **Shri Surendra Kumar Gupta Ji** (Shubham Goldiee Masala Pvt. Ltd.) |
| **Shri Sunil Goel Ji** (Numax Realcon Private Limited) |
| **Oil & Natural Gas Corporation Ltd.** |

## (10 से 50 से विद्यालय)

| |
|---|
| AAR CEE Contracts Private Limited |
| Bit Byte Investment Services Pvt. Ltd. |
| Discovery Alcobev Private Limited |
| Galwalia Ispat Udyog Private Ltd |
| Indian Herbs Specialities Private Limited |
| Karan Letex Limited |
| Krishna Mohan Foods Pvt Ltd |
| Mahadev Prasad Dharmarth Trust |
| Mighty Township Pvt Ltd |
| Neosol Technologies Private Limited |
| Sh. Nishant Gupta Ji |
| Pace Stock Broking Services Pvt Ltd |
| San Diego Group |
| Perfection of man foundation |
| Sarva Mangla Family Trust |
| Shri Saurav Aggarwal Ji |

## शतकवीर (100 विद्यालय)

| |
|---|
| **Shri Vijay Bansal Ji** (Cantabil Retail India Limited) |
| **Sh. Nand Kishore Aggarwal Ji** (Crystal Crop Protection Ltd.) |
| **Shri Vikas Garg Ji** (EBIX Technologies) |
| **Shri Vijay Bansal Ji** (Gateway Distriparks Limited) |
| **Shri Manish Dhoot Ji** (HFCL Limited) |
| **Smt. Aarshi Jain Ji** (Aarshis Matrimonial Solutions) |
| **Shri Ajay Singhal Ji** (Om Telecom Logistics Pvt. Ltd.) |
| **Shri Mukesh Bandhu Ji** (Prominent Agro Industries Pvt. Ltd.) |
| **Shri Yog Raj Arora Ji** (Select Infrastructure Pvt. Ltd.) |
| **VLS Finance Limited** |
| **Shri Uma Shankar Halwasiya Ji** (D P Halwasiya Foundation) |
| **Shri Bhuvan Girdhar** (JRC Grid Engineers Pvt. Ltd.) |
| **NHPC Limited** |
| **Shri Dayanand Rai Ji** (SPC Electrotech Pvt. Ltd.) |
| **Shri Ajay Singhal** (Suraj Cables India Pvt. Ltd.) |
| **Sakarni Plaster (India) Pvt. Ltd.** |
| **ANR International Pvt. Ltd.** |
| **Jay Ushin Limited** |

# हमारे एकल दानदाता 1 से 10 विद्यालय (जुलाई – अगस्त - सितंबर 2025)

A R Industries
Aarco Tax Legal Consultant
Sh. Ajay Kumar
Ambey Plastics Udyog
Sh. Anil Kumar Goel
Sh. Anil Kumar Mehta
Sh. Anita Goel
Sh. Anita Gupta
Sh. Anju Bala Jain
Sh. Anju Jain
Sh. Ankit Aggarwal
Annapurna Gases
Sh. Anshul Goel
Anvi Metals India Pvt. Ltd.
Sh. Archana Sachan
Sh. Arun Kumar Arya
Sh. Arun Sharma
Sh. Arvind Tripathi
Smt. Asha Bansal
Sh. Asha Jhanwar
Smt. Asha Talwar
Sh. Ashish Vijay Gulati
Sh. Ashok
Sh. Ashutosh Aggarwal
Sh. Ashutosh Gupta & Sons Huf
Sh. Atul Hissaria
B Jain Pharmaceuticals Pvt. Ltd.
B Jain Publishers Pvt. Ltd.
Badri Prasad Shukla Memorial Hospital
BCA Impex Private Limited
Smt. Beena Tandan
Best Roadways Ltd
Smt. Bhavya Aggarwal
Smt. Bindu Mittal
Brigadier Adarsh Bhardwaj
Sh. Deep Jindal
Smt. Deepa Gupta
Sh. Deepak Rawat
Smt. Deepanshi Gupta
Deshraj Jindal Family charit. Trust
Sh. Dinesh Kumar Bhargava
Divya Alcobev And Malts LLP
Dr. Atul Tandan
Dr. Dipika Singhal
Dr. Suguna Verma
DRS Warehousing (North) Pvt. Ltd.
Dynamic Drilling & Services Private Limited
Engineers Club
Fino Biotech Pvt. Ltd.
Sh. Gajender Pal Madaan
Smt. Geeta Gupta
Sh. Gobind Ram Goel
Golden Oak Projects P Ltd
Hansa Sanitary & Hardware Store
Sh. Hansraj Harbhajanka
Hari Om Shakti Charitable Trust
Sh. Harish Kumar Vaid
Sh. Himanshu Jindal
Hotel Clarks Varanasi Ltd.
Indian Inks And Chemicals
Smt. Indu Devi Jhunjhunwala
Infinite Tirupati Glass(P) Ltd.
Sh. Jai Kishan Dass
Sh. Naresh Kumar
Sh. Jainendra Kumar Jain
Jakson And Company
K S Steel Works
Smt. Kanti Lal Gupta
Smt. Kavita Bhansali
Smt. Kavita Chadha
Kays Jewels Pvt. Ltd.
Smt. Khushboo Devendra Rewatkar
Sh. Kishore Kumar
Lala Baru Ram Prem Chand Bansal And Sons Charitable
Lalitom Food Products Private Limited
LFW Yogesh LLP Icin
Lots of Learning
M V Drug Home
Madhav Agencies
Madhav Biscuits Pvt. Ltd.
Sh. Mahesh Chand Singhal
Mahesh Hosiery Factory Pvt. Ltd.
Sh. Manish Jaiswal
Smt. Manju Bhatiya
Maruti Enterprises
Sh. Naresh Bansal
Nav Bharat Corrugating Co.
Smt. Neerja Agnihotri
Smt. Neerja Dubey
Smt. Neetu Verma
Sh. Nirmal Gupta
Smt. Nishtha Negi
Nutribio Fertiliser Pvt. Ltd.
Om Shubham Investment And Finance Pvt Ltd
Sh. Parveen Kumar Gupta
Smt. Pinki Aggarwal
PM Publishers Pvt. Ltd.
Sh. Pramod Kumar Agarwal

# हमारे एकल दानदाता 1 से 10 विद्यालय (अप्रैल - मई - जून 2025)

Pramod Paper Products
Sh. Prashant Gupta
Smt. Prem Lata Sharma
Premanjali Foundation
Smt. Priyanka Gupta
Prrsaar Sampada Pvt. Ltd.
R A Industries
Sh. Rajender Kumar Agarwal
Sh. Rajesh Jain
Rajgarhia Food Prod. Pvt. Ltd.
Sh. Rajiv Aggarwal
Rajshree Trading Co.
Sh. Rakesh Kumar Agrawal
Sh. Ravesh Kalra
Smt. Rekha Bansal
Smt. Rekha Sharma
Smt. Renu Aggarwal
Smt. Rita Chawariya
Smt. Rita Minocha
RRR Profit
Ruchee Caterers
Smt. Ruchika Gupta
Smt. Rucika Garg
Sh. Runchit Jain
Smt. Sadhna Gupta
Sh. Sandeep Kumar Jaiswal
Smt. Sangeeta Gupta
Sh. Sanjay Kumar Mittal
Sh. Sanjay Kumar Varshney
Smt. Santosh Devi
Sara Healthcare Pvt. Ltd.
Smt. Saroj Goyal
Sh. Shashank Goel
Sh. Shiv Kumar Lath
Smt. Shradha Harbhajanka
Smt. Shivani Gupta
Sh. Shiv dutt Sharma
Smt. Shubha Chandreshwar Prasad
Sh. Shubhank Gupta
Singla Enterpriese
Smt. Snehal Jhanwar
Solar Print Process Pvt Ltd
Sona Om Charitable Trust
Smt. Sonal Agarwal
Smt. Sonam Mittal
Sonotek Cassettes Company
Sh. Sudershan Handa
Sh. Sudhir Kumar Govila
Smt. Suman Goyal
Sh. Sunil Gupta
Sh. Sunil Kumar Mittal
Smt. Sunita Jain
Sh. Suraj Wadhwa
Sh. Surajmal Dangra Huf
Sh. Sushil Gupta
Smt. Sushila Tayal
Smt. Sushma Gupta
Tarun Enterprises Pvt. Ltd.
Sh. Tarun Khosla
Today Tea Limited
Smt. Uma Goyal
Smt. Urmila Devi
Vandana Jhajharia Found.
Smt. Veena Arora
Smt. Veena Singhal
Vibrant Dye And Chem Private Limited
Sh. Vijay Arora
Vijay Food Prod. Pvt. Ltd.
Sh. Vijendra Kumar Gupta
Vikas Emark Infrastructure Pvt. Ltd.
Vimal Cotspin Private Limited
Sh. Vinod
Sh. Vinod Kumar Dhawan
Sh. Virendra Ku. Jhunjhunwala
Sh. Vishal Gupta
Sh. Vishal Singhal
Sh. Vivek Harbhanjanka
WG Cdr Retd Ds Atri
Sh. Yash Pal Kaushik
Sh. Yogeh Kumar Sachan
Sh. Yogesh Kumar Garg
Sh. Yogesh Kumar Garg



# संपादक की कलम से.....



**सुनील गुप्ता**
**राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री**
**भारत लोक शिक्षा परिषद्**
**एकल अभियान**

भारत आज आर्थिक, तकनीकी और वैश्विक मंच पर तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। लेकिन इस विकास के साथ एक गंभीर चिंता भी उभर रही है - हमारी युवा पीढ़ी अपने गौरवशाली अतीत, समृद्ध संस्कृति और सनातन मूल्यों से धीरे-धीरे दूर होती जा रही है। ऐसे समय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे संगठन, जो राष्ट्र के नैतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक पुनर्निर्माण के लिए दशकों से कार्यरत हैं, हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत बने हुए हैं। संघ के आदर्शों से प्रेरित होकर एकल अभियान एक दीपस्तंभ की तरह कार्य कर रहा है, जो राष्ट्र निर्माण की दिशा में न केवल शिक्षा का अलख जगा रहा है, बल्कि युवाओं को अपने मूल संस्कारों और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का भी सार्थक प्रयास कर रहा है।

एकल अभियान केवल एक शैक्षिक पहल नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक पुनर्जागरण का आंदोलन भी है। इसमें प्रत्येक देशवासी की सहभागिता अपेक्षित है, ताकि हम मिलकर भारत को उसकी सांस्कृतिक पहचान और आत्मिक शक्ति से पुनः गौरवान्वित कर सकें।

आइए, इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें और भारत की भावी पीढ़ी को आत्मविस्मृति से निकालकर आत्मबोध की ओर अग्रसर करें।

## एकल विद्यालय के लिए सहयोग

**आईये अपने सपनों का भारत बनायें और स्वावलंबी, स्वाभिमानी भारत के नागरिक होने का गौरव प्राप्त करें।**

| | |
|---|---|
| एक एकल विद्यालय | ₹ 30,000/- वार्षिक |
| 50 एकल विद्यालय (परमवीर) | ₹ 15,00,000/- वार्षिक |
| 100 एकल विद्यालय (शतकवीर) | ₹ 30,00,000/- वार्षिक |
| 1000 एकल विद्यालय (महाशतकवीर) | ₹ 30,000,000/- वार्षिक |

**भारत लोक शिक्षा परिषद् भारत सरकार के कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (IICA) के अंतर्गत CSR दान के लिए सूचीबद्ध है।**

**DONATE NOW**

### एकल विद्यालय में सीधे दान हेतु सम्पर्क करें-

**Only For 80G:**
Bharat Lok Shiksha Parishad
A/C No: 467902050000186
Union Bank of India
Shalimar Bagh, Delhi
IFSC Code: UBIN0546798

**Only for CSR:**
Bharat Lok Shiksha Parishad
A/C NO : 467902010123677
Union Bank Of India
Shalimar Bagh, Delhi
IFSC code: UBIN0546798

**आपके द्वारा एकल के लिए किए गए सहयोग से गरीब बच्चे संस्कार सहित शिक्षा प्राप्त करते हैं, जो आने वाले समय में राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगे।**

For More Info.

मुख्य संपादक : सुनील गुप्ता (राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री)
प्रकाशक : भारत लोक शिक्षा परिषद्
NS-15, FD Block, पीतमपुरा, दिल्ली- 110034
संपर्क सूत्र : 011 4752 3879, 9999399063, 7827207665, 8448386443
ई मेल : administration@blspindia.org, वेबसाइट : www.ekalblspindia.org

एकल विद्यालय
Bharat Lok Shiksha Parishad